समाचार

# निहारिका स्थित उजाड़ पड़े फलोद्यान स्थल को किया जाएगा विकसित व सुरक्षित

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न स्थलों का किया दौरा)




कोरबा 19 अगस्त 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत निहारिका सुभाष चौक स्थित उजाड़ पड़े फलोद्यान स्थल को विकसित व सुरक्षित किया जाएगा, साथ ही वहॉं पर सुभाष चौक निहारिका घंटाघर क्षेत्र में पार्किंग स्थल फुटपाथ पर अनियंत्रित रूप से लगने वाले फल आदि के ठेलों को विस्थापित व व्यवस्थित किया जाएगा। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने स्थल का निरीक्षण कर उक्त संबंध में तत्काल कार्यवाही करने एवं प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज अधिकारियों की टीम के साथ कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न स्थलों का दौरा किया, इस दौरान वे सुभाष चौक स्थित फलोद्यान पहुंचे। यहॉं उल्लेखनीय है कि फलोद्यान स्थल वर्तमान में उजाड़ पड़ा हुआ है तथा वहॉं पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण की संभावना बनी रहती है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थल निरीक्षण के पश्चात उक्त सम्पूर्ण फलोद्यान स्थल को प्रीकास्ट बाउण्ड्रीवाल के माध्यम से सुरक्षित करने एवं स्थल को आवश्यकतानुसार विकसित

किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा इस संबंध में शीघ्र आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि सुभाष चौक निहारिका क्षेत्र व घंटाघर क्षेत्र में फुटपाथ व पार्किंग पर अनियंत्रित रूप से फल ठेले आदि लग रहे हैं, जिनके कारण वाहनों को पार्क करने व आवागमन करने में आमजन को असुविधा होती है, यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने फलोद्यान स्थल को विकसित कर उक्त क्षेत्र में अनियंत्रित रूप से लगने वाले फल ठेलों को वहॉ पर विस्थापित व व्यवस्थित किए जाने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**वर्किंग वूमेन हास्टल तक होगा सड़क का निर्माण** – यहॉ उल्लेखनीय है कि फलोद्यान के आगे पूर्व में वर्किंग वूमेन हास्टल का निर्माण कराया गया था, किन्तु मुख्य मार्ग से हास्टल तक जाने के लिए सड़क का अभी अभाव है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने हास्टल तक पहुंचने हेतु सड़क का निर्माण करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी इस मौके पर अधिकारियों को दिए।

**स्मृति उद्यान स्थित ओपनजिम उपकरण व झूलों की मरम्मत तत्काल शुरू** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने निहारिका घंटाघर मार्ग स्थित स्मृति उद्यान का निरीक्षण किया। स्मृति उद्यान में प्रातः भ्रमण के लिए आए हुए नागरिकों ने बताया कि उद्यान में स्थापित किए गए ओपनजिम के उपकरण मरम्मत योग्य हैं, उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहे, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपकरणों की मरम्मत करने के साथ ही उद्यान में लगाए गए बच्चों के झूले व खेलकुद के अन्य उपकरणों की तत्काल मरम्मत कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, सुखद पहलू यह रहा कि आयुक्त श्री पाण्डेय के वहॉ से निकलते ही उपकरणों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्मृति उद्यान में स्थित बंद पड़े फब्बारों को पुनः चालू किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी अधिकारियो को दिए।

**वीर सावरकर भवन की होगी मरम्मत** – आयुक्त श्री पाण्डेय कोसाबाड़ी जोन कार्यालय के आगे स्थित निगम के वीर सावरकर भवन पहुंचे, उन्होने भवन का निरीक्षण किया, वर्तमान में भवन बंद पड़ा हुआ है, उसमें आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य करना जरूरी है ताकि वह उपयोग लायक हो सके। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन की आवश्यक मरम्मत हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करें तथा मरम्मत व सुधार का कार्य कर भवन के संचालन संधारण की उपयुक्त व्यवस्था हेतु भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**सार्वजनिक शौचालय की अव्यवस्था पर नाराजगी** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने सुभाष चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया, शौचालय में पानी पर्याप्त उपलब्धता न होने एवं साफ–सफाई का अभाव पाए जाने पर उन्होने वहॉ के केयरटेकर को फटकार लगाई तथा उस पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। सार्वजनिक शौचालय के बगल में रिक्त स्थल पर केयरटेकर के द्वारा अतिक्रमण कर गुमठी का निर्माण कर अवैध कब्जा किया गया है, इसे गंभीरता लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने तत्काल गुमठी को वहॉ से हटाने एवं भविष्य में वहॉ पर कब्जा न हो, यह सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न स्थलों निहारिका, घंटाघर, सुभाष चौक, कोसाबाड़ी आदि में निगम द्वारा किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। सफाई कार्य में संलग्न कामगारों व स्वच्छता दीदियों से चर्चा कर उनके कार्यो एवं कार्यक्षेत्र की जानकारी ली तथा बेहतर साफ–सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा एवं विपिन मिश्रा, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित

गुप्ता वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, राजस्व उपनिरीक्षक मनहरणराम नेताम, सहायक राजस्व निरीक्षक करण पाण्डेय, आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।